सिटी रेलवे स्टेशन पर रेल का इंजन पटरी से उतरा

जैक लगा आकर इंजन को पटरी पर चढ़ाने का तरीका भी काम नहीं आया

जालंधर/विशाल : सिटी रेलवे स्टेशन पर कल देर रात एक ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया। इसका पता चलते ही रेलवे स्टेशन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जैक लगाकर उसे वापस चढ़ाने की कोशिश की। लेकिन, कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद इंजन को वापस ट्रैक पर चढ़ाने के लिए लुधियाना से रेल रिकवरी वैन मंगवानी पड़ी। जिस वक्त यह इंजन पटरी से उतरा, उसके पीछे कोई यात्री डब्बा नहीं लगा था, अन्यथा बड़ा जान-माल का नुकसान हो सकता था। रेल अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रेल कर्मियों के मुताबिक, यह इंजन रेलवे स्टेशन से लगते यार्ड की तरफ जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में यह पटरी से उतर गया। रेल कर्मियों को बुलाया गया और उन्होंने जैक व अन्य मशीनें लगाकर इंजन को वापस ट्रैक पर चढ़ाने की कोशिश की?, लेकिन कई बार कोशिश करने के बाद भी इंजन पटरी पर नहीं चढ़ सका। इंजन पटरी से कैसे उतरा? इसको लेकर रेलवे ने जांच बिठा दी है। इंजन को लेकर जा रहे ड्राइवर से भी पूछताछ की जा रही है। रेलवे इस बात की जांच में जुटा है कि यह लापरवाही है या फिर कोई हादसा हुआ है।

राम मंदिर पर हमले की साजिश नाकाम, जैश के 4 आतंकी काबू

जम्मू : जम्मू में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को टाल दिया। पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इसमें चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आर्तकियों में से एक उत्तर प्रदेश के शामली का रहने वाला है। उसकी पहचान इजहार खान के रूप में हुई। पाकिस्तान में बैठे जैश कमांडर मुनाज़ीर ने उसे अमृतसर के पास से हथियार इकट्ठा करने के लिए कहा था। पुलिस महानिरीक्षक जम्मू ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर चार आर्तकियों को गिरफ्तार किया गया। ये आतंकी ड्रोन द्वारा गिराए गए हथियारों को इकट्ठा करने और कश्मीर घाटी में सक्रिय आतंकवादियों को आपूर्ति करने की योजना बना रहे थे। साथ ही ये आतंकी 15 अगस्त से पहले जम्मू में आईईडी लगाने और देश के अन्य हिस्सों में महत्वपूर्ण ठिकानों की रेकी करने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार इजहार खान को एक पाकिस्तानी आतंकी कमांडर ने पानीपत ऑयल रिफाइनरी की रेकी करने के लिए कहा था, जो उसने की और पाकिस्तान को वीडियो भेजा। आतंकियों को अयोध्या में राम मंदिर की रेकी करने का काम सौंपा गया था, लेकिन इससे पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इजहार खान उर्फ सोनू खान पुत्र इंतजार खान शामली का रहने वाला है। अन्य आतंकी कश्मीर संभाग के रहने वाले हैं, जिनकी पहचान तौसीफ अहमद शाह पुत्र गुलाम मोहम्मद शाह निवासी शोपियां, जहांगीर अहमद भट पुत्र मुश्ताक अहमद भट निवासी पुलवामा मुंतजिर मंजूर उर्फ सैफुल्ला पुत्र मंजूर अहमद भट निवासी पुलवामा के रूप में हुई है। तौसीफ को जैश कमांडर शाहिद और पाकिस्तानी अबरार नाम के एक अन्य जैश आतंकवादी द्वारा जम्मू में एक आवास लेने का काम सौंपा गया था। ये काम पूरा होने के बाद उसे जम्मू में आईईडी विस्फोट करने के लिए सेकेंड हैंड मोटरसाइकिल खरीदने के लिए कहा गया, जिसके बाद सीमा पार से ड्रोन के जरिए आईईडी गिराए जाने की योजना थी, यह काम पूरा करने से पहले ही तौसीफ को गिरफ्तार कर लिया गया।

देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
"ACCUFABS"
Since 1985
Shot Blasting Machine

GURU NANAK MFG. COMPANY
Mfrs. of all types of Shot Blasting Machines & Spare Parts
www.gurunanakshotblasting.com

75वें स्वतंत्रता दिवस पर धार क्षेत्र से विशेषांक निकालने में
सहयोग करने वाले सहयोगी सज्जनों का दिल से आभार प्रकट करता हूँ
रजनीश कालू जिला ब्यूरो पठानकोट मो० 70019725495, 9888260083

अखिल भारतीय प्रियंका राहुल गांधी फोर्म व
अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से 75वें स्वतंत्रता दिवस पर
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

चेयरमैन
अल्लादीन
पंजाब महासचिव

सलीम मलिक
युवा प्रधान पंजाब

आर आर भक्त
सचिव पंजाब

परवीन
सरपंच
मनवाल ऊपरला

जतिन्द्र जित्ता
सरपंच
भराल खरासा

रशीद मोहम्मद
सरपंच
दुरंग खडड्

विक्रम शर्मा
युवा नेता

राज रानी
सरपंच तिरहाड़ी

कांता देवी
सरपंच जुंगथ ऊपरली

मोहन लाल
सरपंच भजुरा

राकेश कुमार
सरपंच बधानी

करतार चन्द
सरपंच अवां

राकेश सिंह
सरपंच नगरोटा

ज्ञानवीर काडा
पूर्व सरपंच मंमून

कैप्टन फकीर चंद
अध्यक्ष बैध मंडल

केवल कृष्ण
पूर्व सरपंच सिऊंटी

हंस राज
गांव विरकुली

बसीर मोहम्मद
ब्लाक महासचिव

पवन कुमार
सीनीयर नेता

गुलशन महाजन
अध्यक्ष व्यापार मंडल

अब्दुल लतीफ
पंच मनवाल ऊपरला

हाजी शाम
सीनीयर नेता

हाजी सांई
ब्लाक अध्यक्ष